THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

**WORKSHEET** **पाठ- 8** **KAR CHALE HUM FIDA**

1)
कर चले हम फ़िदा जानो-तन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो
साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया
मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो…….*1*
जिंदा रहने के मौसम बहुत हैं मगर
जान देने की रुत रोज आती नहीं
हुस्न और इश्क दोनों को रुस्वा करे
वो जवानी जो खूँ में नहाती नहीं
आज धरती बनी है दुलहन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो……..

प्रश्न **1.** 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया'**-** पंक्ति में 'सर' किसका प्रतीक है**:-**
(क) स्वाभिमान
(ख) सिर
(ग) घमंड
(घ) पराक्रम

प्रश्न **2.** पद्यांश में ' बांकपन ' शब्द प्रतीक है**:-**
(क) वक्ता
(ख) अद्भुत
(ग) छवि
(घ) बेमिसालपन

प्रश्न **3.** धरती के दुल्हन बनने से तात्पर्य है**:-**
(क) दुल्हन की भांति शर्मा रही है।
(ख) सैनिकों के खून से नहा गई है।
(ग) बलिदान से गौरवान्वित हुई है।
(घ) दुल्हन की भांति अपने प्रियतम की आस देख रही है।

प्रश्न **4.** सर पर कफ़न बांधने का अर्थ है**:-**
(क) बलिदान के लिए तैयार होना।
(ख) मरने की कोशिश करना।
(ग) अपने लिए जान की बाजी लगाना।
(घ) लोगों को दिखाना की हम मरने से नहीं डरते।
उतर – **(**क**)** बलिदान के लिए तैयार होना।
2)
राह कुर्बानियों की न वीरान हो
तुम सजाते ही रहना नए काफ़िले
फ़तह का जश्न इस जश्न के बाद है
ज़िंदगी मौत से मिल रही है गले
बाँध लो अपने सर से कफन साथियो

प्रश्न **1.** ‘राह कुर्बानियों की न वीरान हो’**-** का क्या तात्पर्य है**?**
(क) बलिदानी सैनिकों की परंपरा बनी रहे
(ख) बलिदानी सैनिक आगे बढ़ने की सोच में रहें
(ग) सैनिक सोच-समझकर आगे बढ़ें
(घ) सैनिक देश के बारे में सोचते रहें

प्रश्न **2.** सैनिक किसे सजाने के लिए कहते हैं**?**
(क) भारत माता को
(ख) बलिदानी सैनिकों के जत्थों को
(ग) देश की कुर्बानियों को
(घ) जश्न मनाने वालों को

प्रश्न **3.** ‘फतह का जश्न’ से तात्पर्य है**-**
(क) जीत जाने की खुशियाँ
(ख) जीत की खुशियाँ
(ग) आगे बढ़ने की खुशियाँ
(घ) मृत्यु की खुशी

प्रश्न **4.** ‘सिर पर कफ़न बाँधने’ का किस ओर संकेत है**?**
(क) जीवित रहने की ओर
(ख) सिर पर मुकुट बाँधने की ओर
(ग) देश पर बलिदान की ओर
(घ) सिर बचाने की ओर

प्रश्न **5.** ‘काफ़िले’ शब्द का अर्थ है**-**
(क) यात्रियों का समूह
(ग) कायरों का गिरोह
(ख) वीरों का समुदाय
(घ) बलिदानियों का झुंड

3)
खींच दो अपने खूँ से जमीं पर लकीर
इस तरफ आने पाए न रावन कोई
तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे
छू न पाए सीता का दामन कोई
राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

प्रश्न **1.** काव्यांश की पृष्ठभूमि में कौन**-**सी ऐतिहासिक घटना है**?**
(क) भारत-बांग्लादेश युद्ध
(ख) भारतीय स्वाधीनता संग्राम
(ग) भारत-पाक युद्ध
(घ) भारत-चीन युद्ध

प्रश्न **2.** “खूँ से ज़मी पर लकीर” खींचने का आशय है**-**
(क) दुश्मन पर हमला करना
(ख) सीमाओं पर रक्तपात करना
(ग) मातृभूमि की रक्षा को तत्पर रहना
(घ) बलिदान देकर भी शत्रु को रोकना

प्रश्न **3.** “रावण’ का प्रतीकार्थ है**-**
(क) राम का विरोधी
(ख) आक्रमणकारी
(ग) भारत का शत्रु

(घ) देशद्रोही

प्रश्न **4.** “सीता का दामन’ से तात्पर्य है**-**
(क) भारतीय सांस्कृतिक परंपरा
(ख) मातृभूमि का सम्मान
(ग) देश का स्वाभिमान
(घ) देवी-देवताओं की मर्यादा

प्रश्न **5.** “राम भी तुम तुम्हीं लक्ष्मण साथियो” कथन से कवि का संकेत है**-**
(क) तुम्हें भारतीयता को भी बनाना है और सीमाओं को भी
(ख) तुम्हें राम भी बनना है और लक्ष्मण भी
(ग) तुम्हें युद्ध भी करना है और रक्षा भी
(घ) तुम्हें नारी के सम्मान की भी रक्षा करनी है और मर्यादा की भी

## बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions)

प्रश्न **1-** कर चले हम फ़िदा गीत के गीतकार कौन हैं **?**
(A) कैफ़ी आज़मी
(B) पन्त
(C) मोहम्मद रफ़ी
(D) कोई नहीं
प्रश्न **2-** कैफ़ी आज़मी का जन्म कब और कहाँ हुआ **?**
(A) 1719 में आजम नगर में
(B) 1819 मे अभय पुर में
(C) 1919 में आजम गढ मे
(D) कोई नहीं
प्रश्न **3-** कैफ़ी आज़मी का परिवार कैसा परिवार था **?**
(A) चिकित्सकों का
(B) अभिनेताओ का
(C) नेताओं का
(D) कलाकारों का
प्रश्न **4-** कैफ़ी आज़मी के कितने कविता संग्रह प्रकाशित हुए **?**
(A) 4
(B) 3
(C) 7
(D) 5
प्रश्न **5-** कैफ़ी आज़मी मूलतः किस भाषा के शायर हैं **?**
(A) अरबी
(B) यूनानी
(C) सभी
(D) उर्दू
प्रश्न **6-** कैफ़ी आज़मी के कविता संग्रहों के नाम बताये **|**
(A) झङ्कार
(B) आखिर ए शब
(C) आवारा सजदे
(D) सभी
प्रश्न **7-** सैनिक देश को किसके हवाले कर के जा रहे हैं **?**
(A) माता पिता के
(B) भाई बहनो के
(C) दोस्तो के
(D) देशवासियों के
प्रश्न **8-** साँस थमती गई से क्या भाव है **?**
(A) मौत का नजदीक होना
(B) बर्फ के पास होना
(C) बहुत ठण्ड होना

(D) हैरान होते गए
प्रश्न **9-** सैनिकों को किस बात की खुशी हो रही है **?**
(A) उन्होंने अपने देश की शान में कोई दाग नहीं लगने दिया
(B) कि वे बहादुर हैं
(C) उन्होंने दुश्मन को हरा दिया
(D) किसी बात की नहीं
प्रश्न **10-** जीवन मे कौन सा समय बार बार आता है **?**
(A) मरने का
(B) बलिदान करने का
(C) बचपन का
(D) जीवित रहने का
प्रश्न **11-** सर हिमालय का न झुकने दिया' से क्या भाव है **?**
(A) हिमालय की सुरक्षा
(B) पत्थरों को न तोड़ने देना
(C) वृक्ष न कटने देना
(D) देश के मान सम्मान की रक्षा करना
प्रश्न **12-** जान देने की रुत से क्या भाव है **?**
(A) मरने के सही समय
(B) देश की रक्षा के लिये जान कुर्बान करने के सुअवसर
(C) बलिदान के समय
(D) कोई नहीं
प्रश्न **13-** मरते समय सैनिकों की अवस्था कैसी थी **?**
(A) दयनीय
(B) करुणा भरी
(C) घबराने वाली
(D) देश प्रेम और आन बान से भरपूर
प्रश्न **14-** इस गीत में धरती की तुलना किससे की गयी है **?**
(A) माँ से
(B) नारी से
(C) दुल्हन से
(D) चाँद से
प्रश्न **15-** राह कुर्बानियों की न वीरान हो का क्या अर्थ है **?**
(A) बलिदान देने वालो की कमी नही होनी चाहिये
(B) बलिदान देने वाले लोग कम ही होते हैं
(C) बलिदान जरूरी है
(D) कुछ नहीं
प्रश्न **16-** जिन्दगी का मौत से गले मिलना का क्या भाव है **?**
(A) आत्महत्या करनी
(B) अपनी खुशी को मारना
(C) सभी
(D) आत्मबलिदान देना
प्रश्न **17-** सैनिकों ने देश की रक्षा किस प्रकार की **?**
(A) दुश्मनो से लडते लडते शहीद होकर
(B) गान गाते हुए
(C) देशभक्ति के नारे लगाते हुए
(D) देश देश कहते हुए
प्रश्न **18-** सीता का दामन से क्या भाव है **?**
(A) देश की धरती
(B) देश की नारी
(C) देश की शान
(D) साड़ी का पल्लू
प्रश्न **19-** सैनिकों ने नवयुवकों को कैसे प्रेरित किया है **?**
(A) देश के लिये मर मिटने को तैयार रह कर
(B) देश के लिये गीत गाकर
(C) वर्दी पहन कर
(D) वीर गाथाएं सुना कर

प्रश्न **20-** दुश्मन रूपी रावण को रोकने के लिये क्या करना होगा **?**
(A) प्रार्थना
(B) हथियार उठाने होंगे
(C) दुश्मन को मारना होगा
(D) कोई नहीं
प्रश्न **21-** सीमा पर देश के सैनिकों को किन मुसीबतों के सामना करना पडता है **?**
(A) बर्फ़ीले पहाड़ों पर रहना पड़ता है
(B) संघर्ष करना पडता है
(C) दुश्मन से लड़ना पड़ता है
(D) सभी
प्रश्न **22-** सैनिकों के लिये जशन क्या है **?**
(A) देश भक्ति
(B) देशभक्ति के गीत
(C) देश के लिये लड़ना
(D) शहादत
प्रश्न **23-** इस गीत से क्या संदेश मिलता है **?**
(A) देश प्रेम का
(B) देश पर मर मिटने का
(C) संकट के समय देश पर सब कुछ वार देने का
(D) सभी